राजस्थान सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, जोधपुर

Email - dipr.jodhpur@rajasthan.gov.in
Phone- 0291-2990466
Web Site - www.dipr.rajasthan.gov.in

प्रेसनोट– द्वितीय **15 मई, 2023, सोमवार**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू,अंतिम तिथि 10 जुलाई

जोधपुर, 15 मई /औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(आईटीआई) जोधपुर में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गये है। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित है।

संस्थान के प्राचार्य श्री सुधीर व्यास ने बताया कि प्रवेश के लिए 8 वीं एवं 10 वीं उत्तीण अभ्यर्थी विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिले में 20 राजकीय आईटीआई संचालित है। जिनमें लगभग 3550 सीटों पर प्रवेश दिए जाएगें।

उन्होने बताया कि दो वर्षीय प्रशिक्षण में विद्युतकार, फिटर, ड्राफटमेन सिविल, ड्राफटमेन मेकेनिकल, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, आईसीटीएसएम, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर, वायरमैन, इन्सटूमेंट मैकेनिक एवं आरएसी तथा एक वर्षीय प्रशिक्षण में कोपा, सीएचएनएम, वेल्डर, प्लंम्बर, कारपेन्टर, मैकेनिक डीजल, ड्रेस मेकिंग, स्टेनों हिन्दी, स्टेनों अग्रेजी में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 14 वर्ष है। आयु की गणना 01 सितम्बर 2023 से की जायेगी। उन्होंने बताया कि आईटीआई के दो वर्षीय पाठयक्रम के साथ प्रशिक्षणार्थियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण समकक्षता का प्रावधान है अभ्यर्थी 10 वीं उत्तीर्ण एवं 08 वीं उत्तीर्ण दोनों योग्यता वाले व्यवसाय के लिए विकल्प का चयन एक ही आयोजन में कर सकेगे।

महिला अभ्यर्थियों को मिलेगा निशुल्क प्रवेश

श्री व्यास ने बताया कि महिला अभ्यर्थियों को राजकीय आईटीआई में प्रवेश के समय प्रशिक्षण का कोई शुल्क नहीं देना होगा। ऑनलाइन आवेदन में एस.सी, एस.टी अभ्यर्थियों के लिए 175 रूपए तथा अन्य वर्ग के लिए अभ्यर्थियों के लिए 200 रूपए शुल्क निर्धारित है।

———000———